# भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स.23005787

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तब्य

नई दिल्ली 01 सितम्बर 2013। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है, कि मुसलमानों के बीच भाजपा की छवि खराब करने हेतु "सेकुलरिज्म के सटोरियों का संग्राम" शुरू हो गया है। भाजपा इन मन्सूबों को नाकाम करने हेतु युद्ध स्तर पर अभियान चलाएगी।

श्री नकवी ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे ही "सेकुलरिज्म के सटोरियों की सौगात" है कि आज मुसलमानों की 60 प्रतिषत से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा के नीचे रह रही है। 500 रू0 प्रतिमाह के कम पर जीवन यापन के लिए मजबूर है। उन्हे तालीम–तहफ्फुज–तरक्की (षिक्षा, सुरक्षा, समृद्ध) के आखिरी पायदान पर "वोट के सौदागरों" ने खड़ा कर दिया है।

श्री नकवी ने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की अभी चल रही लगभग साढे नौ वर्षो की सरकार और पिछली 45 वर्षो की सरकार ने मुसलमानों को प्रगति की मुख्य धारा से कोसो दूर फेंकने का काम किया है, वोटो के खातिर कभी भाजपा का हौव्वा कभी, साम्प्रदायिकता का डर दिखा कर मुस्लिम वोटों का राजनैतिक अपहरण किया जाता रहा है।

श्री नकवी ने कहा कि कांग्रेस ने इस देष के स्वतंत्रता संग्राम के उन महान सेनानियों का नाम इतिहास के पन्नों से मिटा डाला जो मुस्लिम समाज के थे, जिन्होनें मुल्क के लिए हंस्ते–हंस्ते फांसी के फन्दे को अपनाया। कौन जानता है कि बेगम हजरत महल, मौलाना सिन्धी, हकीम अजमल, हसरत मोहानी, सैय्यद महमूद, तैय्यब जी, उमर सुमानी, असगरी बेगम, बाई अम्मा, अषफाकउल्ला खां, जैसे हजारों महान राष्ट्रनायकों के नाम जिन्होनें मुल्क को आजाद कराने के लिए कुर्बानी दी, फांसी पर चढ़े। कांग्रेस मात्र नेहरु–गांधी परिवार को महिमा मण्डित करती रही, ऐसे हजारों लोगों को जानबूझ कर इतिहास के पन्नों से गायब किया गया। भाजपा सत्ता में आई तो ऐसे महानायकों का सम्मान वापस दिलाएगी।

श्री नकवी ने कहा कि ऐसे महान लोगों से समाज का नाम जोड़ने के बजाय आतंकबादी और दहषतगर्दी के साथ जोड़ दिया हर ''मुस्लमान की दाढी टोपी पर 'मेड इन अल–कायदा,, कर ठप्पा लगा दिया, इसके बाद भी कांग्रेस सेकुलरिज्म के सूरमा बनी हुई हैं। यह ठीक वैसा ही है जब इसी कांग्रेस ने अस्सी के दषक में हर सिख भाई पर आतंकवादी का ठप्पा लगा दिया था। आतंकवाद को धर्म–क्षेत्र से जोड़कर नही देखा जा सकता। भाजपा के शासन काल में देष में मुसलमानों की तस्वीर ए0पी0जे0 अब्दुल कालाम के रुप में देखता था।

श्री नकवी ने कहा कि भाजपा एक राजनैतिक दल है हम समाज के सभी वर्गो का विष्वास जीतना चाहते है, हम चाहते हैं कि मुसलमान वोट के सौदागरों के चुंगल से बाहर निकल कर अपने वोटों को ''गुण–दोष,, के आधार पर दे, भाजपा भारतीय राजनीति की सच्चाई है, उस सच्चाई को दूसरो के चष्मों से नहीं, अपनी निगाहों से देखना–समझना होगा, हम यकीन दिलाते है कि भाजपा की सरकार, अल्पसंख्यकों के सुरक्षा एवं विकास की गारन्टी साबित होगी।

श्री नकवी ने कहा कि हम जल्द ही अल्पसंख्यकों के सषक्तीकरण पर विजन डाक्यूमेन्ट,, जारी करने वाले हैं, जिसमें अल्पसंख्यकों की ''षिक्षा–सुरक्षा समृद्ध,, पर पार्टी का दृष्टिकोण, होगा साथ ही अल्पसंख्यकों की सत्ता में भागीदारी पर भी पार्टी का स्पष्ट मत होगा। हमारा यह विजन डाक्यूमेन्ट अल्पसंख्यकों के सषक्तीरकण का संकल्प होगा, तुष्टीकरण का शगूफा नही हम जानते है कि ऐसे एक दस्तावेज से मुसलमानों के दिमाग में हमारे खिलाफ भरी गलत फहमियॉ पूरी तरह दूर नही होगी, लेकिन भाजपा और मुसलमानों के बीच दूरियों और गलत फहमियों को कम करने में जरूर मद्दगार होगा।

श्री नकवी ने कहा कि "सब का साथ–सब का विकास" के लक्ष्य और सुषासन के संकल्प के साथ हमे अल्पसंख्यकों के बीच भी जाना होगा, मुस्लिम बूथों पर कार्यकर्ता तैयार करने चाहिए, लोगों के बीच केन्द्रीय नेताओं के कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाएँ। अल्पसंख्यक सषक्तीकरण समागम, के नाम से देष के हर प्रान्त में बडा कार्यक्रम करने की योजना बनानी चाहिए।

**(अरुण जैन)**
कार्यालय सचिव